>

Title: Need to open a branch of Life Insurance Corporation of India in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर) :

मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा नहीं है जबकि इस जिले में दो वर्ष पूर्व शाखा खोले जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा के अभाव में यहां के निवासियों को भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा संबंधी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अगल-बगल के जिला मुख्यालय में भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखाएं कार्यरत है। वहां के जीवन बीमा निगम के कार्यालयों में मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर जिले के निवासों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर को जिला बने हुए 15 साल हो गए हैं, परंतु अभी तक भारतीय जीवन बीमा निगम की सुविधा से वंचित है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर जिला मुख्यालय में भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा को जल्द खोला जाए।